# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- ''रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ताः एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं विषय के साथ आज विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजधानी में सेवा तीर्थ भवन परिसर के नामकरण का अनावरण करेंगे।
- छात्रों की मांग पर प्रशासन की सहमति–2025–26 में शुल्क संरचना में कोई बदलाव नहीं।
- पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से 31 मार्च तक पशुओं में ईयर टैगिंग लगाना अनिवार्य किया गया है।

<><><><><><><>

आज विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 13 फरवरी को 1946 में संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– ''रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ताः एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं।'' यह थीम प्रसारण व्यवस्था में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित करती है। साथ ही, थीम के जरिए यह भी संदेश दिया गया है कि तकनीक मात्र सहायक माध्यम है, वह मानवीय आवाज़ का स्थान नहीं ले सकती। संपादकीय विवेक और विश्वसनीयता ही रेडियो की असली पहचान है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजधानी में सेवा तीर्थ भवन परिसर के नामकरण का अनावरण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन–1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का शाम को सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। यह उद्घाटन देश की प्रशासनिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत 'स्टार्ट–अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम' शुरू करने के उद्देश्य से द्वीप समूह के दौरे पर आए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के महानिदेशक, डॉ. सुनील शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी,

से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान उपराज्यपाल ने महानिदेशक कार्यालय से द्वीप समूह में एक हस्तशिल्प संवर्धन संस्थान स्थापित करने का आग्रह किया। इन द्वीपों में भौगोलिक संकेत प्राप्त उत्पादों की एक विविध श्रेणी उपलब्ध है, जिन्हें वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से 'एस्ट्रो गाइड्स' के लिए एक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मायाबंदर में 5 से 7 मार्च तक और लिटिल अंडमान में 10 से 12 मार्च तक प्रशिक्षण चलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को रात्रि आकाश अवलोकन, बुनियादी खगोल विज्ञान, टेलीस्कोप संचालन, व्याख्या तकनीक और जिम्मेदार एस्ट्रो–पर्यटन प्रथाओं की जानकारी देना है। यह पहल द्वीप समूह में पर्यटन विकल्पों में विविधता लाने और टिकाऊ, अनुभव–आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के विभाग के प्रयासों का एक हिस्सा है। 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के 12वीं पास इच्छुक उम्मीदवार पर्यटन विभाग की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। भरे हुए फॉर्म 25 फरवरी दोपहर तीन बजे तक पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री–राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत अकाउंटेंट और सेक्रेटेरियल असिस्टेंट के पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति की जाएगी। इस सिलसिले में कौशल परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची प्रशासन की वेबसाइट के अलावा ई–भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। .अकाउंटेंट के पद के लिए 22 फरवरी और सेक्रेटेरियल असिस्टेंट के लिए परीक्षा डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज, में आयोजित की गई है। प्रवेश पत्र अगले सप्ताह से वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कॉलेज विद्यार्थियों की ओर से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अंडमान निकोबार प्रशासन ने छात्रों की मांगों पर सहमति व्यक्त की है। छात्र प्रतिनिधियों ने दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी मांगें उनके समक्ष रखीं। जिला प्रशासन ने छात्र प्रतिनिधियों को उनकी मांगों पर उचित ध्यान देने और समाधान निकालने का आश्वासन दिया। छात्रों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने कहा है कि वर्तमान शुल्क संरचना में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए केंद्र शासित प्रदेश के छह कॉलेजों की पांडिचेरी विश्वविद्यालय के साथ संबद्धता के मुद्दे पर प्रशासन ने पहले ही भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए संबद्धता जारी रखने का

अनुरोध किया है। समझौते के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के दौरान इन छह कॉलेजों में परीक्षाएं पांडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाएंगी और इन छात्रों को पांडिचेरी विश्वविद्यालय से ही डिग्री प्राप्त होगी। यह निर्णय शैक्षणिक निरंतरता सुनिश्चित करने और द्वीप समूह के उच्च शिक्षा ढांचे में सुचारू परिवर्तन की सुविधा के लिए लिया गया है।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से 31 मार्च तक द्वीप समूह के सभी गायों और भैंसों का 100 प्रतिशत कान में टैग लगाना अनिवार्य किया है। 'भारत पशुधन' ऐप और पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन का उद्देश्य द्वीपसमूह में पशुओं और उनके मालिकों का एक सटीक डिजिटल डेटाबेस तैयार करना है। इयर टैगिंग से प्रत्येक पशु को एक विशिष्ट पहचान संख्या मिलेगी। पशु स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी, टीकाकरण का सटीक रिकॉर्ड, नस्ल सुधार, सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता आएगी। पहली अप्रैल से, बिना वैध इयर टैग वाले किसी भी गाय या भैंस को कोई भी पशु चिकित्सा सेवा प्रदान नहीं की जाएगी। पशुओं के स्वास्थ्य और परिवहन प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। अब ये प्रमाणपत्र केवल पोर्टल पर दर्ज सत्यापित इयर–टैग पहचान के आधार पर ही जारी किए जाएंगे। पशु मालिकों से पशु की बिक्री, मृत्यु या स्थानांतरण की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने को कहा गया है। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारियों को इस अभियान को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों और पशुपालकों से विभाग के साथ पूर्ण सहयोग करने और जल्द से जल्द अपने पशुओं की टैगिंग करने का अनुरोध किया गया है। इसके लिए दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष शिविर और मोबाइल टैगिंग इकाइयां भी आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

सीडी ब्लॉक कैंपबेल बे के तत्वावधान में कल "ग्राम पंचायतों में स्वयं के स्रोत राजस्व उत्पन्न करने हेतु एक व्यवहार्य वित्तीय मॉडल तैयार करना" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रधानों और पंचायत सचिवों ने भाग लिया। तकनीकी सत्र के दौरान डोमेन विशेषज्ञ विद्या माला ने ओएसआर सृजन की योजना पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

निपुण भारत मिशन के तहत कल लिटिल अंडमान के पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामकृष्णपुर, में 'निपुण मेला 2025–26' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्या डार्ली सैमुअल

ने अपने संबोधन में कहा कि 'निपुण मेला' कक्षा तीसरी तक के बच्चों के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक समुदाय–केंद्रित कार्यक्रम हैं। इस मेले का उद्देश्य बच्चों को खेल–खेल में सीखने के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे शिक्षा की मजबूत नींव रख सकें।

<><><><><><><>

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत रंगत में कल मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। रंगत के विभिन्न स्कूलों की 10 से 18 वर्ष की युवा प्रतिभागियों ने बालिका शिक्षा, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के संदेश के साथ मैराथन में भाग लिया। दौड़ को सहायक आयुक्त विकास कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए ICDS परियोजना, रंगत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए लड़कियों को शिक्षित और सशक्त बनाना अनिवार्य है। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान एक सामूहिक आंदोलन है, जिसमें परिवारों, स्कूलों और बड़े पैमाने पर समाज की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है।

<><><><><><><>